# आकाशवाणी शिमला
## 11.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे

**मुख्य समाचार**

- केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पर लगाया लोगों को ठगने का आरोप–कहा–प्रदेश में भी हर मोर्चे पर विफल रही कांग्रेस सरकार।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–इस चुनाव से तय होगी भविष्य की राजनीति की दशा और दिशा।
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए मतदाताओं को अधिक से अधिक जागरूक करने पर दिया बल।
- प्रदेशभर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालतों में हुआ 29 हजार से अधिक लंबित मामलों का निपटारा।

**अनुराग ठाकुर**

प्रदेश में पहली जून को होने वाले मतदान को लेकर चुनाव प्रचार अभियान लगातार तेज हो रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व केन्द्रीय मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार अनुराग सिंह ठाकुर ने आज हमीरपुर में विजय संकल्प रैली के माध्यम से अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत की। एक जनसभा में उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा देश के नागरिकों को ठगने का काम किया है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने पांच लाख नौकरियां देने का वायदा किया था लेकिन सरकार के सभी दावे पूरी तरह विफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के कार्यकाल के 10 वर्षों में गरीब कल्याण ही भाजपा की पहचान रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने भी चुनाव में जीत के लिए कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर मेहनत करने का आहवान किया। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल भी इस दौरान मौजूद रहे।

**अनुराग ठाकुर–2**

इस बीच अनुराग सिंह ठाकुर ने पांचवी बार हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी बनाए जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि हमीरपुर सहित चारों संसदीय सीटों पर भाजपा की जीत होगी और नरेन्द्र मोदी एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

विजय संकल्प रैली के दौरान विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि बीते 10 साल भारत की विकास यात्रा के लिए स्वर्णिम रहे हैं। इस अवधि में देश में विभिन्न क्षेत्रों में दोगुनी तरक्की की है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों के कारण ही हिमाचल प्रदेश आज फोरलेन और टनल वाले राज्य के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

**मुख्यमंत्री**

दूसरी ओर आगामी चुनाव के लिए कांग्रेस का प्रचार अभियान भी लगातार जारी है। पार्टी के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला जिले के कुपवी में एक चुनावी जनसभा में कहा कि इस चुनाव से भविष्य की राजनीति की दशा और दिशा तय होगी। उन्होंने कहा कि एक जून को होने वाले मतदान के माध्यम से धन–बल की राजनीति करने वालों के खिलाफ पूरे देश में संदेश दिया

जाना चाहिए। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को महिला व कर्मचारी विरोधी करार दिया और कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने जनकल्याण की दिशा में कई योजनाएं शुरू की हैं।

**<u>कांग्रेस–भाजपा</u>**

मण्डी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह ने आज लाहौल स्पिति जिले में चुनाव प्रचार किया। काजा में एक जनसभा में उन्होंने आरोप लगाया कि डबल इंजन की सरकार के दावों के बावजूद जयराम सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों की अनदेखी की है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि लाहौल स्पिति में पर्यटन की अपार सम्भावनाएं हैं और इसका पूरा दोहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे मण्डी संसदीय क्षेत्र को विकास का मॉडल बनाने की सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी अनुराधा राणा भी इस दौरान मौजूद रहीं।

वहीं दूसरी ओर मंडी से भाजपा उम्मीद्वार कंगना रनौत ने मणीकर्ण में चुनावी जनसभा में कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार फ्लॉप रही है जबकि पिछले 5 वर्षों में जयराम ठाकुर ने हिट सरकार चलाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने आपदा में भी भ्रष्टाचार पर जोर दिया है और मंडी संसदीय क्षेत्र में लोग टूटी–फूटी सड़कों पर सफर करने को मजबूर हैं।

**<u>सीईओ</u>**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करने पर बल दिया है। वे आज मण्डी में लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न गतिविधियों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों के साथ हुई बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जिन मतदान केन्द्रों में पिछले चुनावों में 60 प्रतिशत से कम मतदान हुआ है वहां अधिक से अधिक जागरूकता शिविर लगाना जरूरी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदान व पीठासीन अधिकारियों को भी मतदान प्रक्रिया को लेकर आवश्यक प्रशिक्षण करवाने की जरूरत पर बल दिया ताकि मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न की जा सके। बैठक में मण्डी के उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी अपूर्व देवगन ने जिले में चल रही चुनाव तैयारियों को लेकर जानकारी दी।

**<u>हर्ष महाजन</u>**

राज्यसभा सांसद बनने के बाद हर्ष महाजन आज पहली बार अपने गृह जिला चम्बा पहुंचे। जिला मुख्यालय में पहुंचने पर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला चम्बा को आगे ले जाना उनकी प्राथमिकता है और जिले में सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए पर्याप्त राशि मुहैया करवाई जाएगी। प्रदेश कांग्रेस सरकार को घेरते हुए हर्ष महाजन ने कहा कि राज्य सरकार का अब तक का कार्यकाल निराशाजनक रहा है।

**<u>कांग्रेस बैठक</u>**

लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों की बैठकों का दौर लगातार जारी है। इसी कड़ी में शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय में शिमला शहरी कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई। शिमला संसदीय क्षेत्र के प्रभारी व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बैठक में कहा कि शिमला संसदीय सीट सहित सभी सीटों पर कांग्रेस जीत दर्ज करने में कामयाब रहेगी।

**<u>न्यायिक परिसर</u>**

प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम.एस. रामचन्द्र राव ने कहा है कि उच्च न्यायालय सहित जिला न्यायालयों के रिकार्ड का जल्द डिजिटलीकरण किया जाएगा। कांगड़ा जिला के

देहरा में आज न्यायिक परिसर की आधारशिला रखने के बाद उन्होंने कहा कि कागज की खपत कम करने और जवाबदेही व पारदर्शिता सुनिश्चित बनाने के लिए उच्च न्यायालय रजिस्ट्री की विभिन्न शाखाओं में ई–ऑफिस लागू किया गया है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि प्रदेश उच्च न्यायालय लोगों को उनके घर–द्वार के समीप जल्द व किफायती न्याय सुनिश्चित बनाने के लिए समर्पित प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि बिलासपुर, किन्नौर, हमीरपुर, शिमला, सोलन और सिरमौर के लिए वर्चुअल कोर्ट सफलतापूर्वक लागू कर दिए गए हैं। बाद में मुख्य न्यायाधीश ने हमीरपुर जिले के भोरंज में सिविल कोर्ट का शुभारम्भ भी किया।

## लोक अदालत

प्रदेश भर के न्यायालयों में आज राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति एम.एस. रामचन्द्र राव और न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान के मार्गदर्शन में हुई लोक अदालतों में प्री–लिटिगेशन और लम्बित मामले निपटाए गए। इन लोक अदालतों में विभिन्न पीठों के समक्ष 71 हजार 9 सौ 70 मामले उठाए गए जिनमें से 29 हजार 3 सौ 10 मामलों का निपटारा कर लिया गया है। इस दौरान करीब 54 करोड़ रूपए से अधिक की राशि दावेदारों के लिए वसूल की गई।

## मुख्य सचिव

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने आज पांगी में अधिकारियों के साथ बैठक कर चुनाव तैयारियों व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बैठक के दौरान घाटी में शिक्षा, स्वास्थ्य और विद्युत प्रणाली सहित नेट कनेक्टिविटी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने पांगी घाटी के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हिलु तवान गांव का भी दौरा किया। स्थानीय आवासीय आयुक्त रितिका जिंदल ने मुख्य सचिव को घाटी में कानून व्यवस्था व विकास से जुड़े मुद्दों की जानकारी दी।

## मतदान केन्द्र

किन्नौर ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आज पूह क्षेत्र के सुमरा, शलखर और चांगो मतदान केन्द्रों का दौरा किया। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों से निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से कार्य करने और लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का आहवान् किया।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मौसम ने करवट ली है और दोपहर बाद से बादल छाए हुए है। कुछ स्थानों पर हवाएं चलने और हल्की वर्षा से तापमान में गिरावट आई है और लोगों को गर्मी से भी राहत मिली है। पिछले 24 घंटों के दौरान भी राज्य में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा व ओलावृष्टि का समाचार है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर वर्षा व ओलावृष्टि होने की संभावना जताई है।